PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA 39 GTC VARANASI

प्रतियोगिता

हिन्दुस्तान 11
www.livehindustan.com
वाराणसी, बुधवार, 24 जनवरी 2024

ऑन द स्पॉट पेंटिंग में दृष्टि और जैद ने मारी बाजी

वाराणसी। परीक्षा पर चर्चा के तहत केवि 39 जीटीसी में आयोजित 'आन द स्पॉट पेंटिंग' प्रतियोगिता में सनबीम वरुणा के दृष्टि केशरी, सनबीम स्कूल लहरतारा के मो. ज़ैद, मुकुलारण्यम इंग्लिश स्कूल की श्रेया विश्वकर्मा, जीजीआईसी मलदहिया के हबीबा नूर व ज्ञानदीप इंग्लिश स्कूल के प्रिया वर्मा विजयी रही। विद्यालय में पराक्रम दिवस और परीक्षा पे चर्चा के तहत हुई स्पर्धा के मुख्य अतिथि यूपी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. धर्मेन्द्र कुमार सिंह थे। निर्णायक मंडल में दिनेश यादव सेंट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल तथा चन्दन सिंह कुशवाहा, मूर्तिकार रहे। इस अवसर पर पंकज शर्मा, केएन तिवारी, अभिषेक त्रिपाठी भी थे। प्राचार्य डॉ. चन्द्र भूषण प्रकाश वर्मा ने संचालन किया।

बुधवार 24.01.2024

amarujala .com/varanasi

केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा पर हुई चर्चा

वाराणसी। छावनी स्थित 39 जीटीसी केंद्रीय विद्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परीक्षा पर चर्चा 2024 कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इसमें 14 विद्यालयों के 100 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्राचार्य डॉ. चंद्रभूषण प्रकाश वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि व निर्णायक के रूप में उदय प्रताप डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह रहे। निर्णायक मंडल में दिनेश यादव, सेंट्रल हिंदू गर्ल्स स्कूल कमच्छा और बीएचयू के भारत कला भवन के चंदन सिंह कुशवाहा रहे। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पंकज शर्मा, केएन तिवारी, अभिषेक त्रिपाठी आदि रहे। संवाद

आज
वाराणसी, २४ जनवरी, २०२४

के.वि. ३१ जी टी सी में पराक्रम दिवस और चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

पराक्रम दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर चन्द्र भूषण प्रकाश वर्मा ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेने की बात कही। छात्रों में परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए परीक्षा पर चर्चा (२०२४) कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देशन में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें कुल १४ विद्यालयों के १०० छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में प्रोफेसर धर्मेन्द्र कुमार सिंह (प्राचार्य, उदय प्रताप डिग्री कॉलेज) की उपस्थिति प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायक रही। निर्णायक मण्डल में दिनेश यादव (सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल, कमच्छा) तथा श्री चन्दन सिंह कुशवाहा, (मूर्तिकार, भारत कला भवन, बीएचय) ने प्रतियोगिता में उपस्थिति प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। दृष्टि केशरी (सनबीम स्कूल वरुणा), मो. जैद (सनबीम स्कूल लहरतारा), श्रेया विश्वकर्मा (मुकुलारण्यम इंग्लिश स्कूल), हबीबा नूर (राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मलदहिया) तथा प्रिया वर्मा (ज्ञानदीप इंग्लिश स्कूल) को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अन्य सभी छात्रों को प्रमाण पत्र तथा इक्जाम वारियर्स पुस्तक प्रदान किया।

उपस्थित रहकर जनपद के सम्बन्धित थानो पर कार्यक्रम को बल तथा वहां की सम्मानित जनता भी उक्त कार्यक्रम मे उपस्थित रही।

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मुख्य उद्देश्य- प्राचार्य पीएम श्री केवी 39 जीटीसी

प्रखर वाराणसी। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय 39 जीटीसी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के विज्ञान शिक्षक, शिक्षकोंओ एवं विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रयोगों द्वारा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। साथ ही बच्चों ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 के मुख्य थीम "विकसित भारत के लिए भारतीय स्वदेशी प्रौद्योगिकी" पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में बढ़कर चढ़कर हिस्सा लिये। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सी.बी.पी. वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सर सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के कारण ही 28 फरवरी को देश भर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। यह किसी भी भारतीय व एशिया के व्यक्ति द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में दिया गया पहला नोबेल पुरस्कार था। विद्यालय के उपप्राचार्य अभिषेक त्रिपाठी ने बच्चों को बताते हुए कहा कि

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियां के प्रति सजग बनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित जनों में मनीष सिंह, मनोज कुमार, ए.के. खरवार, सरोज पाण्डेय, एस श्रीवास्तव, वि. गुप्ता आदि का भी सराहनी योगदान रहा।

स्वच्छ, स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करना जनसेवा का कार्य : डॉ. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उज्ज्वल सेवा संस्थान, गाजीपुर की ओर से पीजी कॉलेज के गेट के पास रियायती दर पर एक थाली घर वाली कैंटीन की वाले मरीजों के तीमारदारों एवं राहगीरों को सस्ते दर पर भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी। मेरा मानना है कि एक थाली घर वाली 20 रुपए में उपलब्ध